दिनांक 26.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने रिसाली जोन कार्यालय अंतर्गत वार्ड क्रमांक 43 स्टेशन मरौदा के आकस्मिक निरीक्षण के दौरान सार्वजनिक शौचालय भवन में ताला बंद पाए जाने पर कार्य पर लापरवाही बरतने के कारण स्वच्छता निरीक्षक एवं स्वच्छता पर्यवेक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम, भिलाई के आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी के द्वारा आज रिसाली जोन कार्यालय क्रमांक–06 के अंतर्गत विभिन्न वार्डो का दौरा करते हुए वार्ड क्रमांक 43 दुर्गा मंदिर स्टेशन मरोदा पहुंचे जहां पर सार्वजनिक शौचालय के निरीक्षण के दौरान शौचालय भवन में ताला लगा हुआ पाया गया जिसे देख कर निगम आयुक्त ने तत्काल जोन आयुक्त श्री टी0 के0 रणदिवे एवं स्वास्थ्य अधिकारी श्री आई0 एल0 यादव से चर्चा कर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे द्वारा लगातार बैठक एवं वार्ड भ्रमण तथा मौखिक रूप से नियमित संबंधित क्षेत्रों का भ्रमण करने का आदेश दिया गया था उसके बाद भी आप लोगों के द्वारा अपने कार्य के प्रति घोर लापरवाही बरती जा रही है और न ही आपके अधीनस्थ स्वच्छता निरीक्षक एवं सुपरवाईजर के द्वारा नियमित रूप से अपने प्रभाव वाले वार्डों में सफाई कार्य को प्राथमिकता से नहीं ले रहे हैं मेरे द्वारा आज निरीक्षण के दौरान दुर्गा मंदिर स्टेशन मरौदा एवं शिव पारा सार्वजनिक शौचालय भवन बंद पाया गया इस संबंध में वार्ड के उपस्थित नागरिकों ने बताया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने वाले सफाई कर्मी 2 दिन में एक बार आ रहे हैं जिसके कारण वार्ड में गंदगी फैल रही है इसलिए वार्डवासियों के द्वारा सार्वजनिक शौचालय के बाजू में कचरा फेंका जा रहा है।

जन सम्पर्क अधिकारी